भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 3027
बुधवार, 21 मार्च, 2018/30 फाल्गुन, 1939 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

पर्यटन संवर्धन हेतु निजी क्षेत्र के साथ सहयोग

3027. श्री हर्षवर्धन सिंह डुंगरपुरः

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार देश में पर्यटन संवर्धन हेतु निजी क्षेत्र के साथ सहयोग करने का विचार रखती है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) सरकार द्वारा इस संबंध में कौन-से कदम उठाए जा रहे हैं?

उत्तर

पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री के.जे. अल्फोंस)

(क) से (ग) : पर्यटन मंत्रालय देश में पर्यटन के संवर्धन एवं विकास से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर पर्यटन उद्योग में निजी क्षेत्र के हितधारकों के साथ सतत और नियमित आधार परामर्श करता है । राष्ट्रीय पर्यटन परामर्शदात्री परिषद जिसका गठन पर्यटन संबंधी विभिन्न नीतिगत मामलों पर मंत्रालय को सलाह देने के लिए 'थिंक टैंक' के रूप में कार्य करने के लिए किया गया है, में निजी क्षेत्र के हितधारक इसके सदस्यों के रूप में शामिल हैं ।

पर्यटन मंत्रालय ने 'धरोहर अपनाएं योजना' की शुरूआत की है जिसमें निजी क्षेत्र की कंपनियां, सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियां और निगम के व्यक्ति पूरे भारत के स्मारक, धरोहर और पर्यटक स्थलों को अपना सकते हैं और हमारे धरोहर तथा पर्यटन को और अधिक संधारणीय बनाने के लिए कुछ मूलभूत और उन्नत पर्यटक सुविधाओं के प्रचालन तथा रखरखाव की जिम्मेदारी ले सकते हैं ।

****